उजाला SPEED NEWS

सच के साथ आगे 24×7

# UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, रविवार, 2 अगस्त 2026 | ई-पेपर | पेज 1 / 2

देश

## 12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर 45 दिवसीय बुनकर प्रशिक्षण का शुभारंभ।



समर्थ' योजना के तहत 30 महिलाओं को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण, प्रतिदिन ₹300 मानदेय और प्रशिक्षण के बाद करघा। संवाददाता हरिपाल सिंह मथुरा। 12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस-2026 के अवसर पर भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय, बुनकर सेवा केंद्र मेरठ एवं दीनदयाल बुनकर केंद्र, गऊ ग्राम परखम के संयुक्त तत्वावधान में 'समर्थ' योजना के अंतर्गत 45 दिवसीय हथकरघा बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को अशोक सिंघल हॉल, गऊ ग्राम परखम में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना तथा हथकरघा उद्योग को नई पहचान दिलाना है।मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि भारत की हथकरघा परंपरा देश की सांस्कृतिक धरोहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 'समर्थ' योजना महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूत करेगी।मुख्य वक्ता अजीत महापात्रा ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती पारंपरिक कुटीर उद्योगों से जुड़ी है।

### एक नज़र में

165 ग्राम अवैध गांजा के साथ युवक गिरफ्तार, थाना रिफाइनरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई।

हिमस्खलन से संपर्क टूटने के बाद निर्मल पुर्जा वाले पर्वतारोहियों के दल में तीन लोगों की मौत.

मोरक्को से स्पेन के स्यूटा पहुंचने की कोशिश में 57 की मौत, अब तक 60 हज़ार लोग पहुंचे.

पीएम मोदी ने जंतर-मंतर के प्रदर्शन का ज़िक्र करते हुए कहा- मुझे और मेरी मां को गालियां दी गईं.

फ़ीफ़ा ने विरोध के बाद प्राइवेट इन्वेस्टमेंट वाला प्लान वापस लिया.

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

### 165 ग्राम अवैध गांजा के साथ युवक गिरफ्तार, थाना रिफाइनरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी मथुरा। जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रिफाइनरी पुलिस ने एक युवक को 165 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, 31 जुलाई 2026 की देर रात थाना रिफाइनरी पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक रेलवे स्टेशन रोड के पास अवैध गांजा लेकर खड़ा है।

देश

### मोरक्को से स्पेन के स्यूटा पहुंचने की कोशिश में 57 की मौत, अब तक 60 हज़ार लोग पहुंचे.



स्पेन के अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार शाम तक 48,000 से अधिक प्रवासी स्वेच्छा से मोरक्को लौट चुके थे. स्पेन के स्यूटा में मोरक्को से बड़े पैमाने पर प्रवासियों के पलायन के दौरान भगदड़ और अव्यवस्था में 57 लोगों की मौत हो गई. स्थानीय मीडिया के मुताबिक़, इस दौरान करीब 60,000 प्रवासियों ने सीमा पार करने की कोशिश की, जिससे हालात बेक़ाबू हो गए. घटना के बाद स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने इसके लिए मानव तस्करी गिरोहों को ज़िम्मेदार ठहराया है. सांचेज़ ने कहा कि यह घटना स्पेन की 'क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन' है. वहीं, स्पेन के अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार शाम तक 48,000 से अधिक प्रवासी स्वेच्छा से मोरक्को लौट चुके थे. यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया...

दुनिया

### हिमस्खलन से संपर्क टूटने के बाद निर्मल पुर्जा वाले पर्वतारोहियों के दल में तीन लोगों की मौत.



पाकिस्तान अल्पाइन क्लब की कम्यूनिकेशन लीड नैला कियानी ने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय तक इतनी कठिन परिस्थितियों में जीवित बचने की संभावना बेहद कम होती है. गिलगित बाल्टिस्तान में काराकोरम पर्वतमाला स्थित ब्रॉड पीक पर आए हिमस्खलन (एवलांच) के बाद चलाए जा रहे राहत एवं बचाव अभियान में अब तक तीन पर्वतारोहियों की मौत की पुष्टि हुई है. मृतकों की पहचान अमेरिका की मैलोरी गीस, ओमान की नाधिरा अहमद अब्दुल्ला अल हार्थी और नेपाल के पूर बहादुर गुरूंग (युक्ता) के रूप में हुई है. तीनों के शव हेलीकॉप्टर के ज़रिए अस्पताल पहुंचाए गए हैं, जहां अन्य क़ानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं. अधिकारियों के अनुसार, प्रसिद्ध पर्वतारोही निर्मल पुर्जा (निम्स दाई) के नेतृत्व में 10 सदस्यीय...


दुनिया

## कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की क़ीमतों में बड़ी कटौती, इतना सस्ता हुआ




तेल कंपनियों ने शनिवार (1 अगस्त, 2026) को कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की क़ीमतों में बड़ी कटौती की है. कंपनियों ने 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम देशभर में क़रीब 200 रुपये तक घटा दिए हैं. वहीं, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की क़ीमतों में शनिवार को कोई बदलाव नहीं किया गया है. इसके अलावा 5 किलो वाले फ़्री ट्रेड एलपीजी (एफ़टीएल) सिलेंडर की क़ीमत में भी क़रीब 46 रुपये की कटौती की गई है. नई क़ीमतों के बाद दिल्ली में 19 किलो वाले नॉन-डोमेस्टिक एलपीजी सिलेंडर की क़ीमत 192 रुपये घटकर 2,738 रुपये हो गई...

## मुझे गालियां दीं’, पीएम मोदी के बयान पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने क्या कहा?




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान उन्हें और उनकी मां गालियां दी गईं. अब इस पर विपक्षी पार्टियों की ओर से प्रतिक्रियाएं आना शुरू हो गई हैं. दरअसल, पीएम मोदी ने शुक्रवार रात इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर की, जिसमें उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर पर कुछ शरारती बच्चों ने मुझे और मेरी मां को भद्दी-भद्दी गालियां दीं. उन्होंने कहा , "बचपन ग़लतियों को सुधारने का अवसर भी होता है. ये गुमराह बच्चे हैं, इन्हें राह दिखाने का समय है, मैं इन्हें माफ़ करना चाहता हूं." पीएम के इस वीडियो...


राजनीति

## पीएम मोदी ने जंतर-मंतर के प्रदर्शन का ज़िक्र करते हुए कहा- मुझे और मेरी मां को गालियां दी गईं.



पीएम मोदी ने कहा कि ये गुमराह बच्चे हैं, इन्हें राह दिखाने का समय है, मैं इन्हें माफ़ करना चाहता हूं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार रात इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर की, जिसमें उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर पर कुछ शरारती बच्चों ने मुझे और मेरी मां को भद्दी-भद्दी गालियां दीं. उन्होंने कहा कि बचपन ग़लतियों को सुधारने का अवसर भी होता है. ये गुमराह बच्चे हैं, इन्हें राह दिखाने का समय है, मैं इन्हें माफ़ करना चाहता हूं. उन्होंने कहा , "जंतर-मंतर पर जो हुआ देश और दुनिया ने देखा. कुछ शरारती बच्चों ने...

## हमास के हथियार छोड़ने के फ़ैसले पर पाकिस्तान ने क्या कहा.



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल वाली शांति योजना के अनुसार, हमास कुछ शर्तों के साथ हथियार डालने के लिए तैयार हो गया है. इस पर अब पाकिस्तान की प्रतिक्रिया सामने आई है. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर इस क़दम का स्वागत किया है. शहबाज़ शरीफ़ ने शुक्रवार रात एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा , "पाकिस्तान ग़ज़ा शांति योजना के तहत हथियार छोड़ने की प्रक्रिया को लागू करने की दिशा में बोर्ड ऑफ़ पीस के तहत हुई प्रगति का स्वागत करता है." उन्होंने लिखा, "अमेरिका, मिस्र, क़तर और...

खेल

## फ़ीफ़ा ने विरोध के बाद प्राइवेट इन्वेस्टमेंट वाला प्लान वापस लिया.



फ़ीफ़ा प्रेसिडेंट जियानी इन्फ़ेंटिनो ने फ़ुटबॉल टूर्नामेंटों में निजी निवेशकों को हिस्सेदारी देने वाले विवादित प्लान को वापस ले लिया है. इस प्रस्ताव का कई बड़े फ़ुटबॉल संगठनों ने विरोध किया था. इन्फ़ेंटिनो ने कहा कि इस योजना के कारण फ़ुटबॉल जगत में मतभेद बढ़ रहे थे और अब यह प्लान अपने मूल उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहा है. उन्होंने साफ़ किया कि फ़ीफ़ा इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ाएगा. फ़ीफ़ा ने अपने 211 सदस्य देशों को इस प्लान का समर्थन करने के बदले 4 करोड़ डॉलर देने का प्रस्ताव रखा था. यह...